# 2. सच्चा दोस्त





SCERT TELANGANA

**प्रश्न :**

1. चित्र में क्या-क्या हैं?
2. पेड़ के बारे में कुछ बताइए।
3. वे आपस में क्या बातें कर रहे होंगे?

**छात्रों के लिए सूचनाएँ :**

1. पाठ के चित्र देखिए। चित्र के आधार पर कल्पना कीजिए कि पाठ में क्या बताया गया होगा?
2. यह पाठ पढ़िए। समझ में न आने वाले शब्द और वाक्य रेखांकित कीजिए।
3. समझ में न आने वाले शब्दों और वाक्यों के बारे में मित्रों से चर्चा कीजिए।
4. समझ में न आने वाले शब्दों के अर्थ शब्दकोश में ढूँढ़िए।



एक पेड़ था। उसका एक दोस्त था। उसका नाम अमर था। दोनों आपस में बहुत प्यार करते थे। हर रोज़ अमर पेड़ के पास जाता था। उसके फल खाता था। उसके पत्ते इकट्ठे करता था। इन पत्तों की माला बनाता था। पेड़ के तने पर चढ़ता था। उसकी शाखाओं से झूलता था। दोनों आपस में आँख मिचौनी खेलते थे। जब वह थक जाता तो पेड़ की छाया में सो जाता। इस तरह दोनों बहुत खुश थे।


समय बीतता गया। अमर बड़ा हो गया। वह नौकरी की तलाश में शहर जाना चाहता था। बीच में नदी थी। उसने सोचा, नदी को कैसे पार करूँ?

SCERT TELANGANA

सोचते हुए पेड़ के पास गया। पेड़ को अपनी समस्या बतायी। पेड़ ने कहा- ''मेरी शाखाएँ काटो। नाव बना लो।'' अमर ने वैसा ही किया। अमर शहर चला गया। वहाँ खूब पैसा कमाया। गाँव लौटा। लौटने के कुछ दिन पहले उसके गाँव में तूफ़ान आया था। तूफ़ान के कारण अमर का घर टूट गया था। वह पेड़ के पास पहुँचा। पेड़ ने कहा- ''मेरा तना काटकर अपना घर बना लो।'' अमर ने वैसा ही किया।

बहुत समय बीत गया। अब अमर बूढ़ा हो गया था। वह सर्दी में काँपते हुए पेड़ के पास पहुँचा। पेड़ ने कहा - ''मेरी सूखी लकड़ियाँ जलाकर अपनी सर्दी भगाओ।'' अमर ने वैसा ही किया।

इस तरह पेड़ ने अपनी सच्ची दोस्ती निभायी। अपना सब कुछ दान कर दिया। अपने सच्चे दोस्त को खोकर अमर बड़ा दुखी हुआ। उसने पौधा लगाने का निर्णय लिया।



SCERT TELANGANA



## सुनो-बोलो

1. अमर और पेड़ की दोस्ती के बारे में बताइए।

2. पेड़ हमारा सच्चा दोस्त है। कैसे?





## पढ़ो

**(अ) नीचे दिये गये वाक्यों को उचित क्रम में बताइए।**

- इस तरह पेड़ ने सच्ची दोस्ती निभायी। (   )
- अमर का घर टूट गया। (   )
- उसका एक दोस्त था। ( 1 )
- सब कुछ दान कर दिया। (   )
- मेरी शाखाएँ काटो, नाव बना लो। (   )





## लिखो

**(अ) पेड़ से हमें क्या-क्या लाभ हैं?**

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

SCERT TELANGANA



## शब्द भंडार

(अ) निम्न शब्दों के अर्थ गुब्बारों से चुनकर लिखिए।

| | |
|---|---|
| दोस्ती = | पेड़ = |
| तलाश = | माला = |
| इकट्ठा = | |




(आ) नीचे दिये गये अंक देखिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 - | ग्यारह | 16 | - | सोलह |
| 12 - | बारह | 17 | - | सत्रह |
| 13 - | तेरह | 18 | - | अठारह |
| 14 - | चौदह | 19 | - | उन्नीस |
| 15 - | पंद्रह | 20 | - | बीस |

(इ) इन शब्दों को अलग कीजिए और लिखिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| खिड़की | गिलास | मेज़ | कलम | पंखा |
| बल्ला | किताब | कुर्सी | थैली | दरवाज़ा |



| लकड़ी से बनी वस्तुएँ | अन्य वस्तुएँ |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |











SCERT TELANGANA

## भाषा की बात

(अ) समझो-पढ़ो।


| | |
|---|---|
| एक पेड़ - अनेक पेड़ | एक फल - अनेक फल |
| एक फूल - अनेक फूल | एक शहर - अनेक शहर |
| एक घर - अनेक घर | एक गाँव - अनेक गाँव |





## सृजनात्मक अभिव्यक्ति

(अ) निम्न संकेतों के आधार पर पेड़ के बारे में लिखिए।




....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................




| क्या मैं ये कर सकता/सकती हूँ? | हाँ ( ✓ ) | नहीं ( × ) |
|---|---|---|
| 1. मैं पाठ के बारे में बातचीत कर सकता/सकती हूँ। | | |
| 2. मैं पाठ का सारांश अपने शब्दों में बता सकता/सकती हूँ। | | |
| 3. मैं पाठ के शब्दों से वाक्य बना सकता/सकती हूँ। | | |

पेड़-पौधे लगाइए देश को हरा-भरा बनाइए।

SCERT TELANGANA

# अगर पेड़ भी चलते होते



अगर पेड़ भी चलते होते,
कितने मज़े हमारे होते।

बाँध तने से उसके रस्सी,
जहाँ कहीं भी हम चल देते।

अगर कहीं पर धूप सताती,
उसके नीचे हम छिप जाते।

भूख सताती अगर अचानक,
तोड़ मधुर फल उसके खाते।

आती कीचड़-बाढ़ कहीं तो,
ऊपर उसके झट चढ़ जाते।

-- *दिविक रमेश*

SCERT TELANGANA